
03
निगम ने कमेटियों का किया गठन

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04
100 करोड़ वैक्सीनेशन पर सिसोदिया के सवाल


नई दिल्ली, पृष्ठ-04, शनिवार, 23 अक्टूबर 2021

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र


शक संवत 1942, कार्तिक कृष्ण पक्ष तृतिया, मूल्य, 2.00 रुपए

## 5 दिवसीय कार्यशाला "आईसीटी टूल्स एंड टेक्निक्स" आयोजित

फरीदाबाद। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में कंप्यूटर विभाग द्वारा पांच दिवसीय कार्यशाला "आईसीटी टूल्स एंड टेक्निक्स" आयोजित की जा रही है क कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता के दिशा निर्देशन में किया गया क इस कार्यशाला का उद्देश्य ग़ैर शिक्षकों के तकनीकी ज्ञान में वृद्धि कराना था` महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता ने कहा बदलते हुए तकनिकी युग में यह बहुत आवश्यक हो गया है , कि शिक्षकों के साथ-साथ गैर शिक्षक कर्मचारी भी नवीन सूचना तकनीकी ज्ञान से अवगत हों` इससे ना केवल उनका व्यक्तित्व का विकास होता है , बल्कि वे महाविद्यालय के कार्यों को भी कार्यकुशलता पूर्वक संपन्न कर सकते है क यह कार्यशाला कंप्यूटर विभाग द्वारा आयोजित की जा रही है` कार्यक्रम की अध्यक्षता कंप्यूटर विभागाध्यक्षक डॉ. सचिन गर्ग ने की और वर्तमान युग में गैर-शिक्षक कर्मियों के लिए सूचना तकनीकी ज्ञान पर प्रकाश डाला क कार्यशाला के अंतर्गत "कार्यालय स्वचलन" के विभिन्न पहलुओं जैसे डाटा प्रोसेसिंग, डाटा रिट्रीवल, डाटा बैक-अप एंड रिकवरी इत्यादि पर चर्चा हुई क मीतेन्द्र ने सर्टिफिकेट मेकिंग, हार्डवेयर/नेटवर्किंग समस्या निवारण के बारे में जानकारी दी।

# अग्रवाल महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन

**बल्लबगढ़, 22 अक्टूबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में कंप्यूटर विभाग द्वारा पाँच दिवसीय कार्यशाला आईसीटी टूल्स एंड टेक्निक्स शुक्रवार से सोमवार 26.10.2021 तक




महाविधायलय में आयोजित की जा रही है।

कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता के दिशा निर्देशन में किया गया कइस कार्यशाला का उद्देश्य गैर शिक्षकों के तकनीकी ज्ञान में वृद्धि कराना था। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता ने कहा बदलते हुए तकनिकी युग में यह बहुत आवश्यक हो गया है, कि शिक्षकों के साथ-साथ गैर शिक्षक कर्मचारी भी नवीन सूचना तकनीकी ज्ञान से अवगत हो। इससे ना केवल उनका व्यक्तित्व का विकास होता है, बल्कि वे महाविद्यालय के कार्यों को भी कार्यकुशलता पूर्वक संपन्न कर सकते है।

यह कार्यशाला कंप्यूटर विभाग द्वारा आयोजित की जा रही है कार्यक्रम की अध्यक्षता कंप्यूटर विभागाध्यक्षक डॉ०. सचिन गर्ग ने की और वर्तमान युग में गैर-शिक्षक कर्मियों के लिए सूचना तकनीकी ज्ञान पर प्रकाश डाला ककार्यशाला के अंतर्गत कार्यालय स्वचलन के विभिन्न पहलुओं जैसे डाटा प्रोसेसिंग, डाटा रिट्रीवल, डाटा बैक-अप एंड रिकवरी इत्यादि पर चर्चा हुई। मीतेन्द्र ने सर्टिफिकेट मेकिंग, हार्डवेयर/नेटवर्किंग समस्या निवारण के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने आश्वासन दिया है कि महाविद्यालय में समय-समय पर इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, ताकि गैर शिक्षण कर्मचारी अपने ज्ञान को बढ़ा सकें और नई तकनीकों से अवगत हो सकें।

शनिवार, 23 अक्तूबर 2021
हिन्दुस्तान 02

## अग्रवाल कॉलेज में कार्यशाला हुई

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में जहां एक ओर कंप्यूटर विभाग द्वारा पांच दिवसीय कार्यशाला आईसीटी टूल्स एंड टेक्निक्स आयोजित की गई। वहीं दूसरी ओर कॉलेज के प्रागंण में युवा महिला लेखिका क्लब के तत्वाधान से वक्तव्य का आयोजन किया गया।